Grade: VIII　　Worksheet – 2　　Date:19.06.2025

## Hindi

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजनानुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा। हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरपफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

1. तीन मित्र कौन-कौन थे?
(क) दो हंस एक कछुआ
(ख) कछुआ और हंस
(ग) एक हंस
(घ) एक कछुआ
2. किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?
(क) हंसों को
(ख) कछुए को

(ग) लोगों को

(घ) सभी को

3. तालाब सूख गया, क्योंकि:

(क) बहुत गरमी थी

(ख) बहुत सरदी थी

(ग) बहुत वर्षा थी

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर:

(क) तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

(ख) तुम चालाक होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

(ग) तुम मूर्ख होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

(घ) तुम बुद्धिमान होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना

5. अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है:

(क) अपना नुकसान स्वयं करना

(ख) अपना पफ़ायदा करना

(ग) अपना कार्य स्वयं करना

(घ) स्वयं कुल्हाड़ी मारना

## 2. अनुच्छेद (मौखिक)

### मेरा घर

मेरा घर बहुत सुंदर है। मैं इसमें अपने माता-पिता और भाई के साथ रहती हूँ। मेरे पिता जी पत्रकार हैं। वे हिन्दुस्तान टाइम्स में नौकरी करते हैं। मेरी माता जी डॉक्टर हैं। वे अस्पताल में जाती हैं। माता जी ने घर को सुंदर ढंग से सजाया हुआ है। वे सारा दिन किसी न किसी

काम में लगी रहती हैं। मैं भी घर के काम करने लगी हूँ। आयुष अभी छोटा है। वह अब स्कूल जाने लगा है। उसे शरारतों के अतिरिक्त कुछ नहीं सूझता। मैं उसे गृहकार्य कराती हूँ। पिताजी हमारे साथ बच्चे बन जाते हैं। वे हमारे साथ खूब खेलते हैं। वे अच्छे लेखक हैं उनके लेख अखबारों में छपते हैं। मुझे अपना घर सबसे अच्छा लगता है ।

3. **निम्नलिखित शब्दों के अनेकार्थक शब्द लिखिए :**

डाल, आम, जग, स्वर, उत्तर

4. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) मीनू का परिवार छुट्टी का दिन कैसे बिताता है ?

(ख) मीनू की मम्मी ने गुप्ता जी के बच्चों को क्या समझाया ?